# मैं श्याम की दीवानी | by Sonu Sharma

मैं भटकूं तेरी गलियों में एक जोगन सी मुड़ मुड़ देखूं
बस तेरा इश्क़ कुबूल होवे मैं तो श्याम में स्वर्ग ही देखूं

मेरे श्याम को बुलाओ कोई
मुझे श्याम से मिलाओ कोई
मेरे लिए तो कोई और नहीं मेरा यार सांवरा है
मैं श्याम की दीवानी मेरी दुनिया सांवरा है

जो दिल के सौदे होते हैं
वो बिन बोले ही हो जाते
तेरे चेहरे में वो जादू है
जो देखे तेरे हो जाते
जो दिल से दिल को जोड़ देवे वो तार सांवरा है
मैं श्याम की दीवानी मेरी दुनिया सांवरा है

हम तो तेरे दीवाने हैं
तेरी रहमतों पे पलते हैं
कोई मेरा क्या बिगाड़ेगा
मेरे साथ श्याम चलते हैं
बाल ना बांका कर पाए मेरे साथ तू खड़ा है
मैं श्याम की दीवानी मेरी दुनिया सांवरा है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-by-sonu-sharma/